हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 सिविल जज, सीए, फाइन आर्ट्स और पाक कला की...



07 राजस्व वसूली से लेकर बिजली आपूर्ति तक कार्यों...



खबर संक्षेप

चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित

इटारसी। अनुभाग में मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी नीलेश कुमार शर्मा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत चाइनीज मांझे के विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का 1 नवंबर 2026 को आदेश जारी किया गया है। संज्ञान में आया था कि इस खतरनाक सिंथेटिक धागे से राहगीरों को गंभीर चोटें लगने के साथ ही दुर्घटनाएं और मृत्यु तक की घटनाएं हो चुकी हैं। यह प्रतिबंधात्मक आदेश इटारसी की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आदेश का कड़ाई से पालन कराने के लिए सभी संबंधित थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों और स्थानीय निकायों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं।

रेस्टोरेशन वाले स्थानों का दोबारा सर्वे के निर्देश

नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) की बैठक में जिले में संचालित सीवरेज परियोजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान सीवर लाइन बिछाने के कार्य में हो रहे विलंब एवं कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने तथा प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नपाध्यक्ष ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

इटारसी। नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे ने पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक 4 में देवल माता मंदिर के पीछे बन रही सड़क का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री, गुणवत्ता और सड़क के ढाल का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई।

उमंग, उत्साह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व प्रदर्शनी से सजा स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग कृष्णा गौर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मध्यप्रदेश गान, राष्ट्रगान तथा विभागीय प्रदर्शनियों ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर किसान स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेता किसानों को भी पुरस्कार वितरित किए गए। ध्वजारोहण के उपरांत मध्यप्रदेश गान का सभी ने श्रवण किया।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने किया ध्वजारोहण

मप्र हमारा मान, सम्मान और स्वाभिमानः राज्यमंत्री

कार्यक्रम में राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि मप्र हमारा मान, सम्मान और स्वाभिमान है। हमें गर्व है कि आज मप्र देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रदेश का गौरवशाली इतिहास रहा है और आज हम इसका वैभवशाली वर्तमान भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रदेश के उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य के लिए संकल्प लें कि एक आदर्श नागरिक के रूप में मप्र को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश की विशेषताओं पर आधारित प्रस्तुति दी। सेमेरिटंस हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकनृत्य घूमर की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नपा अध्यक्ष नीतू यादव, जनप्रतिनिधि प्रीति शुक्ला, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सदस्य दूरसंचार समिति भारत सरकार विकास नारोलिया, डीआईजी वीरेंद्र सिंह, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, सीईओ जिपं हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला, एडिशनल एसपी अभिषेक राजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान स्वाभिमान पर्व के विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार

इस अवसर पर किसान स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेता किसानों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वीरेंद्र लोवंशी को ट्रैक्टर, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले राममूर्ति चौधरी को बुलेट तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नवीन शुक्ला को ई-स्कूटी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में किसानों के लिए उपयोगी एवं आकर्षक पुरस्कार एक साथ प्रदान किए गए हैं। इस आयोजन में नर्मदापुरम जिले के किसानों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई गईं। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने प्रत्येक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

2026 में बांद्राभान मेले के 200 वर्ष होंगे पूर्ण, 22 से 26 नवंबर तक लगेगा मेला

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम से 8 किलोमीटर दूर मां नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा पर 22 नवंबर से मेला लगेगा।

जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित मां नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार 200 वर्ष पूर्ण कर रहे बांद्राभान मेले का संचालन 22 से 26 नवंबर तक किया जायेगा।

मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों के साथ रविवार को मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाए। मेला अवधि के दौरान होम गार्ड जवानों की टीम तथा गोताखोर भी मेला स्थल पर उपस्थित रहें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की मेला अवधि के दौरान सभी संबंधित अधिकारी मुस्तैद रहे।



बांद्राभान पहुंचमार्ग की मरम्मत कराई जाए

कलेक्टर ने निर्देश दिए की बांद्राभान तक के मुख्य पांच मार्ग का खनिज विभाग एवं पीडब्लूडी समन्वय के साथ मरम्मत कार्य करवाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला पहुंच मार्ग भी सुचारू रहे साथ ही मेले में लगने वाली दुकानों के आसपास पर्याप्त रूप से आवागमन की व्यवस्था के लिए जगह को छोड़ी जाए जिससे आपात स्थिति में वाहनों को अंदर और बाहर ले जाने का कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर दिन में अलग-अलग समय पर पानी का छिड़काव करवाया जाए जिससे सड़कों पर उड़ने वाली धूल से श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी विभाग मेला प्रारंभ होने की तिथि से पूर्व समस्त तैयारी को पूरा कर लें तथा मेले के प्रारंभ होने से एक दिवस पूर्व तैयारी की समीक्षा भी सुनिश्चित कर लें जिससे मिले का संचालन सफल एवं सुचारु रूप से किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकताः कलेक्टर

कलेक्टर ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है झूले और विद्युत कनेक्शन के सुरक्षा जांच में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। साथ ही दुकान आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपादित की जाए।

मेला स्थल एवं आसपास न बिकें मादक पदार्थ

कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मेले में लगने वाली खाद्य सामग्रियों की दुकानों से खाने पीने की चीजों का सैंपल लेकर उनकी सुरक्षा जांच आवश्यक रूप से की जाए। आबकारी विभाग द्वारा भी मेले में शिविर लगाकर सघन जांच अभियान चलाया जाए जिससे मेले में मादक पदार्थों की बिक्री न हो। उन्होंने निर्देश दिए की मेले में स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाए।

अवैध रेत उत्खनन पर की कार्रवाई, 4 पनडुब्बियां जब्त

पुलिस की अभिरक्षा में रखी गईं पनडुब्बियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने गत दिवस सिवनी मालवा के समीप ग्राम बाबरी में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन कर रही 4 पनडुब्बियां जब्त की हैं। खनिज विभाग द्वारा जब्त की गई सभी पनडुब्बियों को पुलिस थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित पनडुब्बियों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निगरानी एवं कार्रवाई का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

आमजन ने ली तंबाकू सेवन न करने की शपथ



नर्मदापुरम। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा, माखननगर, पिपरिया, निमसाड़िया, बनखेड़ी एवं सिवनी मालवा में 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं आमजन को तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने और अपने परिवार एवं समाज को भी इससे दूर रखने की शपथ दिलाई।

नवागत एसपी दीपक शुक्ला ने संभाली जिले की कमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जहां वर्ष 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपक शुक्ला ने नए पुलिस अधीक्षक (SP) के रूप में आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पूर्व पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा का स्थान लिया है। अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के साथ ही उन्होंने जिले में सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनता के बीच पुलिस की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अपनी प्राथमिकताओं के संकेत दिए हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कमिश्नर व कलेक्टर कार्यालय में ली शपथ

नर्मदापुरम। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले भर में शपथग्रहण समारोह आयोजित किए गए। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कमिश्नर एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। कमिश्नर कार्यालय में उपायुक्त (राजस्व) सुनीता खंडायत ने कमिश्नर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

मंडी में धान की बंपर आवक किसान आज नहीं लाएं फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कृषि उपज मंडी में रविवार को धान की अत्यधिक आवक होने के कारण मंडी प्रशासन ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। मंडी सचिव के अनुसार, किसान भाई अपनी धान की उपज सोमवार रात्रि से ही मंडी में लेकर आएं, क्योंकि सोमवार सुबह मंडी में धान का प्रवेश वर्जित रहेगा।

यह व्यवस्था मंडी परिसर में सुचारू संचालन और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बनाई गई है। मंडी प्रशासन ने सभी अन्नदाता किसानों से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग करें।

दीपावली पर फुटपाथी दुकानदारों को नगर निकाय दे सहयोग, अवैध वसूली पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली पर्व को देखते हुए नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ ने नगर पालिका एवं नगर परिषदों को फुटपाथ पर छोटे व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

छोटे दुकानदारों को जगह कराई जाए उपलब्ध

उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर दीपक, माला, रंगोली एवं सजावट की सामग्री बेचने वाले छोटे व्यापारियों को दुकान एवं प्रतिष्ठानों के सामने उपलब्ध खाली स्थानों पर यथासंभव व्यवस्थित जगह उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपना व्यवसाय कर सकें।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान फुटकर विक्रेताओं से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली न हो। नगर निकाय एवं यातायात पुलिस आपसी समन्वय से फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से व्यापार करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व हजारों छोटे दुकानदारों के लिए अतिरिक्त आय का अवसर होता है। ऐसे में गरीब, छोटे व्यापारी एवं शिक्षित बेरोजगार लोग भी अपनी मेहनत की कमाई से परिवार के साथ हर्षोल्लासपूर्वक त्योहार मना सकें, इसके लिए प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। उन्होंने बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती करने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चार पहिया वाहनों के प्रवेश एवं पार्किंग पर आवश्यक प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी दिए।

संभागायुक्त ने नागरिकों से दीपावली पर ग्रीन पटाखों का उपयोग करने तथा तेज आवाज वाले बड़े पटाखों के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के साथ ही बीमारियों से बचाव के लिए सभी नागरिकों को जिम्मेदारीपूर्वक त्योहार मनाना चाहिए।

मातृशक्ति और पुरुषों ने चित्रगुप्त घाट पर किया श्रमदान

अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने लिया आस्था व स्वच्छता का संकल्प, नागरिकों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा के प्रति आस्था और स्वच्छता के संकल्प को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति एवं पुरुषों द्वारा चित्रगुप्त घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया । इस दौरान समाजजनों ने घाट परिसर में श्रमदान कर फर्श पर बिखरे कचरे और गंदगी को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला। वहीं श्रद्धालुओं के स्नान के लिए उपयोग की जाने वाली सीढ़ियों पर जमी काई की भी सफाई की गई, ताकि स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो और फिसलन से होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ज्योति वर्मा, राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रोफेसर ईरा वर्मा, केशव देव वर्मा, विजय वर्मा, प्रीती खरे, सीबी खरे , श्रीमती ममता तिवारी, सुमन वर्मा , अशोक वर्मा , सुनील राय, रितु श्रीवास्तव, ऋषिकेश श्रीवास्तव, मनोज वर्मा , आदित्य वर्मा ,ऋषिकेश



श्रीवास्तव, लालता प्रसाद, जानकी, सुमन वर्मा , गुनगुन सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अभियान के दौरान नर्मदा तट पर जमा घास-फूस और अन्य गंदगी को फावड़े एवं सफाई उपकरणों की सहायता से हटाकर एक स्थान पर एकत्रित किया गया। समाजजनों ने स्वयं श्रमदान करते हुए यह संदेश दिया कि मां नर्मदा की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः राजेंद्र श्रीवास्तव

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मां नर्मदा हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार हैं। उनकी स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। केवल पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों तक ही हमारी जिम्मेदारी सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि नर्मदा घाटों को स्वच्छ रखना भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। नर्मदा महाविद्यालय की प्रोफेसर ईरा वर्मा ने कहा कि नर्मदा केवल एक नदी नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और जीवनदिनी धरोहर है। उनके संरक्षक के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा जब लोग स्वयं अपनी आदतों में बदलाव लाएंगे और नदी एवं घाटों पर गंदगी फैलाने से बचेंगे।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित

कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, देर रात तक चले इस कार्यक्रम में श्रोताओं ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर चौरियाकुर्मी समाज महासंघ (कार्य क्षेत्र संपूर्ण भारत) द्वारा जयस्तंभ चौक इटारसी में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल ने की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत (गुड्डन) पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र फौजदार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं



गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन महासंघ अध्यक्ष नवीन पटेल ने दिया। प्रारंभिक मंच संचालन महासंघ महासचिव गिरधारी चौरे ने किया तथा कवियों का परिचय बीके पटेल ने कराया। कवि सम्मेलन का संचालन हास्य-व्यंग्य कवि ब्रजकिशोर पटेल ने रोचक अंदाज में किया।

कवि सम्मेलन में आगरा की कवयित्री ममता वाणी ने सरस्वती वंदना एवं गीत-गजलों की प्रस्तुति दी। नर्मदापुरम के सुनील सांवला ने सरदार पटेल के राष्ट्रप्रेम पर कविता सुनाई, वहीं अरुण गढ़वाल 'जुगाड़' ने बुंदेली हास्य कविता से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। जयपुर के ओजस्वी कवि हेमंत राज हिंद ने राष्ट्रभक्ति की कविताओं से भारत माता के जयकारे लगवाए। मुंबई के राजू चौरसिया ने गीतों की प्रस्तुति दी। अंतरराष्ट्रीय कवि राजेंद्र मालवीय 'आलसी' ने हास्य-व्यंग्य से श्रोताओं का मनोरंजन किया। वरिष्ठ राष्ट्रीय कवि देवास के देवकृष्ण व्यास ने 'एक पृष्ठ छोड़ दो सुभाष के लिए' जैसी ओजस्वी रचना से श्रोताओं में राष्ट्रप्रेम का संचार किया। अंत में भारत माता की आरती के साथ कवि सम्मेलन का समापन हुआ।

आयोजन को सफल बनाने में मुकेश चौधरी, भगवानदास 'पप्पू' पटेल, पुरुषोत्तम झलिया, मनोज चौरे, चंद्रकांत चौरे, भूरेलाल चौधरी, अशोक पटेल, बीके पटेल, आशु कवि, राधामोहन चौधरी सहित महासंघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण अंचलों से पहुंचे नागरिकों ने काव्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

खबर संक्षेप



भाजपा कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

बैतूल। तेंदूपत्ता संग्राहको के बोनस वितरण कार्यक्रम में बैतूल पधारें प्रदेश के मुखिया डा.मोहन यादव ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने कहा कि संगठन की दृष्टि से बैतूल के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी कुछ ज्यादा ही बढ गई है क्योकि बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा का नेतृत्व कर रहे है। उनका अधिकांश समय प्रदेश के प्रवास में व्यतीत हो रहा है। उनकी कमी को पूरा करने का दायित्व बैतूल के एक एक कार्यकर्ताओं के कंधे पर है। हम आने वाले समय में पहले से भी अधिक मतों से भारतीय जनता पार्टी को सफलता दिलाएगें। बैतूल जिले के पूराने राजनीतिक इतिहास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब कांग्रेस के लोग बैतूल को अपना राजनीतिक चरागाह समझते थें। गुफराने आजम और शेर खान किसी को भी टिकीट दे देते थें। बैतूल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण भाजपा लगातार मजबूत होती गई। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बैतूल जिले का अनवरत विकास हो रहा है। आज मैनें लगभग चार सौ पचास करोड के विकास कार्यो का लोकापर्ण एवं भूमिपूजन किया है एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जी की मांग पर 600 करोड के विकास कार्यो की घोषणा की है। आने वाले समय में बैतूल जिला विकास की दृष्टि से पूरे प्रदेश में अग्रणी जिला होगा और संपूर्ण मध्यप्रदेश में पर्यटन, आदिवासी संस्कृति, सिंचाई, अद्योसंचरना विकास के क्षेत्र में, सडक कनेक्टिविटी, खेल सुविधाओं में बैतूल जिले की एक अलग पहचान होगीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संवाद में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से सीएम हाउस में पधारनें का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार सहित पार्टी के सभी विधायक , जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका व परिषद के अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं मोर्चा ,प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

युवा उत्सव का आयोजन 2 नवंबर को

बैतूल। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग बैतूल द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 2 नवंबर को शासकीय पीएम श्री जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने युवाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

बैतूल की सड़कों पर विन्टेज कारों के साथ निकाला चल समारोह

सिविल जज, सीए, फाइन आर्ट्स और पाक कला की मास्टर ने वैभव को छोड़ चुना त्याग व अहिंसा का मार्ग

संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल

सिविल जज के लिए चुनी जाने वाली व सीए समेत फाइन आर्ट्स और पाक कला में मास्टर डिग्री हासिल करने वाली इन पाँच बेटियों ने दुनिया के वैभव को छोडक़र संयम, त्याग और अहिंसा का मार्ग चुना है। इन बेटियों में पहली भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में कार्यरत जिनेंद्र कुमार जैन एवं उनकी धर्म पत्नी ज्योति जैन की एकमात्र पुत्री प्रखरश्री भी शामिल हैं, जिन्होंने बीए, एलएलबी और एलएलएम में शिक्षा प्राप्त करने के साथ इकानॉमिक में गोल्ड मेडलिस्ट की डिग्री लंदन से हासिल की हैं।



प्रखरश्री, सिविल जज के पद पर चयनित होने के बावजूद उन्होंने सांसारिक जीवन का त्याग कर जैन धर्म की कठिन दीक्षा लेने का दृढ़ संकल्प लिया है। उनके इस निर्णय पर माता-पिता ने भी सहर्ष अनुमति प्रदान की है। प्रखर दीदी सहित कुल पांच ब्रह्मचारिणी दीदियों की दीक्षा से पहले गोद भराई और बिनौली समारोह 1 नवंबर रविवार को बैतूल के जैन दादावा?ी में सप्पन्न हुआ। इस मौके पर सकल जैन समाज जिला बैतूल द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन भी किया गया। सबसे पहले सुबह 8 बजे पांचों दीदियां लिंक रोड स्थित जिनेंद्र कुमार जैन के आवास से विंटेज कारो की रैली में सवार होकर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बैतूलगंज पहुची। वँहा पर धार्मिक रीति रिवाज होने के बाद फिर दोपहर 12 बजे से जैन मंदिर, बैतूलगंज से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में घोड़े पर सवार छोटी-छोटी बेटियों के साथ, घोडा बग्गी, डीजे बाजे-गाजे से चल समारोह निकला। जिसमें बडी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। इसमें विंट्रेज कारो पर सवार भावी जैन साध्वी बेटियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही।





इन बेटियों ने चुना संयम

बैतूल की बेटी प्रखरश्री दीदी सहित पांच उच्च शिक्षित बहने दीक्षा लेगी। इनमें सिविल जज के लिए चयनित और लंदन से इकानामिकस में गोल्ड मेडलिस्ट प्रखरश्री, दूसरी रंगोली, यह चार्टर्ड अकाउंटेंट है। तीसरी सोनम दीदी ने एमए के साथ फाइन आर्ट्स किया है। चेतना दीदी पाक कला विशेषज्ञ है। पांचवी ब्रह्मचारिणी गिरजा दीदी है, जो आध्यात्मिक साधना एवं वैराग्य के पथ की साधिका है। इन पांचों बहनों की विशेषता यह है कि इन्होंने शिक्षा, प्रतिभा एवं सांसारिक उपलब्धियों के शिखर पर पहुंचने की संभावनाओं के बावजूद आत्मकल्याण को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया है।

लोग बोले-समाज परिवार के लिए यह गौरव के पल

जैन समाज के रानू लुनिया ने कहा कि बैतूल की धरती के लिए यह अत्यंत गौरव, हर्ष और आध्यात्मिक पुण्योदय का ऐतिहासिक अवसर है कि बैतूल की बेटी बा. ब्र. प्रखरश्री दीदी सहित पांच उच्च शिक्षित एवं प्रतिभाशाली बहनें सांसारिक सुख-सुविधाओं, वैभव और मोह-माया का त्याग कर आत्मकल्याण एवं मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का विशेष आकर्षण बैतूल की बेटी प्रखरश्री है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बीए, एलएलबी, एलएलएम के साथ ही लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एल.ई.सी.), लंदन, यूके से गोल्ड मेडलिस्ट, चयनित सिविल जज हैं। इतनी उच्च शैक्षणिक योग्यता एवं उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं के बावजूद उन्होंने सांसारिक जीवन के आकर्षणों से ऊपर उठकर संयम, तपस्या और आत्मसाधना का मार्ग चुना है। इस अवसर पर समाज के नवीन तातेड ने कहा कि बैतूल की इस प्रतिभाशाली बेटी का वैराग्य की ओर बढ़ता कदम, न केवल परिवार, बल्कि संपूर्ण बैतूल जिला एवं समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। यह बैतूल की धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान को भी एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाला अवसर है।

दतिया में होगी पूर्ण दीक्षा

समाज के सचिन जैन ने बताया कि आगामी 22 नवंबर 26 को श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिरि (जिला दतिया, मध्यप्रदेश) में जैनेश्वरी निर्वाण दीक्षा अंगीकार का कार्यक्रम कर इन बेटियों को साध्वी के संयमित जीवन में प्रवेश करवाया जाएगा।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर कैट बैतूल ने किया वट वृक्ष का रोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा न्यू बैतूल स्कूल, गंज में वटवृक्ष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कैट मध्य प्रदेश के महामंत्री योगी खंडेलवाल, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश आहूजा, बैतूल जनरल एवं किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष गजानन मोटवानी के आतिथ्य में और जिला अध्यक्ष मनोज भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि योगी खंडेलवाल ने कहा कि वटवृक्ष दीर्घायु, स्थिरता और मजबूती का प्रतीक है। इसकी शाखाओं से निकलने वाली जड़ें धरती में समाकर उसे और अधिक मजबूती प्रदान करती हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के व्यापारी भी अपने व्यापार का विस्तार करते हुए नए आयाम स्थापित करें और प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध एवं सशक्त बनाने में योगदान दें। इसी सकारात्मक संकल्प और कामना के साथ वट वृक्ष का पौधा रोपण किया गया है। मनोज भार्गव ने कहा कि भारत में प्रयागराज का अक्षयवट, उज्जैन का सिद्धवट और वृंदावन के प्रसिद्ध वटवृक्ष हमारी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के व्यापारी अपने व्यवसाय का विस्तार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक करें। प्रदेश में नए कारखाने स्थापित हों, औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले और रोजगार के नए अवसर सृजित हों।

माता-पिता से मारपीट कर विवाहिता को जबरन ले जाने का आरोप

बालईमाल गांव के घायल दंपती को अस्पताल में भर्ती किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के बीजादेही थाना क्षेत्र के बालाई माल गांव में शनिवार दोपहर मायके में रह रही विवाहिता के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। स्वजन ने पुलिस से शिकायत कर बताया है कि दोपहर में जीप से पहुंचे 10 से 12 लोगों ने हथियारों के साथ घर में घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ की और विवाहिता के माता-पिता के साथ मारपीट करने के बाद उसे जबरन अपने साथ ले गए। हमले में घायल माता-पिता को उपचार के लिए चिचोली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती के भाई के मुताबिक घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। इस दौरान बंदूक, तलवार और लोहे के पाइप लेकर आए लोगों ने घर में जबरन प्रवेश किया। उन्होंने दरवाजे तोडऩे के साथ घरेलू सामान में तोडफ़ोड़ की। विरोध करने और बीच बचाव करने पर माता-पिता के साथ मारपीट की गई। इसके बाद युवती को जबरन जीप में बिठाकर ले गए। स्वजन ने पुलिस को बताया कि 24 वर्षीय युवती का विवाह मंडई बुजुर्ग में हुआ था। वह करीब दो साल तक



ससुराल में रही। पति से विवाद के चलते मामला न्यायालय तक पहुंचा था। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिसके बाद युवती अपने मायके बालाई माल में रहने लगी थी। बीजादेही थाने के उपनिरीक्षक जीपी बिल्लौरे के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को गांव भेजा और घायलों को दोपहर में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। घटनास्थल की जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इनका कहना है -

इस मामले में पुलिस लगातार जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना की है।

वीरेन्द्र जैन, एसपी, बैतूल

पाथाखेड़ा में मनाया कोल इंडिया का 52वां स्थापना दिवस

कंटीन्यूअस माइनर मशीनों से भूमिगत खदानों में जल्द शुरू होगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र में रविवार को कोल इंडिया लिमिटेड का 52वां स्थापना दिवस क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कोयला उत्पादन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, उत्पादन क्षमता बढ़ाने और निर्धारित लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया गया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से कोयला उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। उत्पादन क्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से भूमिगत खदानों में जल्द ही कंटीन्यूअस माइनर मशीनों के माध्यम से उत्पादन शुरू किया जाएगा। इससे भूमिगत खदानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाथाखेड़ा



क्षेत्र भी अपने निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं सहयोग से आवंटित उत्पादन लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में सुरक्षित तरीके से प्राप्त किया जाएगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 1 नवंबर 1975 को कोल इंडिया लिमिटेड की स्थापना के बाद से कंपनी ने विकास और प्रगति के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। समय के साथ कोयला उत्पादन की तकनीकों में व्यापक बदलाव आया है। आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से कंपनी की कार्यक्षमता और तकनीकी क्षमता मजबूत हुई है। वक्ताओं ने ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों की दिशा में कोल इंडिया द्वारा किए जा रहे प्रयासों और भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। समारोह में वेकोलि कल्याण मंडल सदस्य कामेश्वर राय, क्षेत्रीय स्तर के पदाधिकारी महेंद्र सिंह यादव, जे. विवेकानंद, जेसीसी सदस्य निजाद खान, एस.पी. सोनी, जितेंद्र निरापुरे सहित विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिकारी कैलाश चौकीकर, सुमरलाल और राकेश चिमूरकर उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधक वाय. शशिधर, विभिन्न विभागों के प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

डॉक्टरों ने की विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच, स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल, बैतूल में विशेष स्वास्थ्य



परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें वर्धमान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, बैतूल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित खानपान, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व की जानकारी दी। शिविर में डॉ. अंशुल एलेक्स गिन्नी (ऑर्थोडॉन्टिस्ट) एवं डॉ. ज्योना सिंह (ईएनटी सर्जन) ने विद्यार्थियों के दांतों, मुंह तथा कान, नाक और गले से संबंधित स्वास्थ्य की जांच की। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

छात्रावासों में धूमधाम से मनाया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भौंरा सहित क्षेत्र के विभिन्न छात्रावासों एवं आश्रमों में उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता और पारंपरिक लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किया। वीरांगना रानी दुर्गावती आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास भौंरा में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम छात्रावास अधीक्षिका गायत्री बरगले ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुधीर नायक, सरपंच मीरा धुर्वे सहित उत्तम वर्मा, राजेंद्र साहू, डॉ. सिकदार और राजेश बरगले उपस्थित रहे। इस दौरान छात्राओं ने भाषण, कविता और देशभक्ति गीतों के माध्यम से मध्यप्रदेश के गौरव का वर्णन किया। वहीं गोंडी नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने आदिवासी लोकसंस्कृति की झलक दिखाई और उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसी क्रम में बालक छात्रावास भौंरा में अधीक्षक सीताराम धुर्वे के नेतृत्व में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर स्थित जूनियर कन्या आश्रम भौंरा में अधीक्षिका आरती काव्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ, जहां छोटी-छोटी बच्चियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

पूर्व विधायक चैतराम मानेकर का निधन

भोपाल एम्स में ली अंतिम सांस, दो बार आमला से भाजपा विधायक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

आमला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता चैतराम मानेकर का रविवार 1 नवंबर को निधन हो गया। उन्होंने सुबह 7.30 बजे भोपाल स्थित एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले दो माह से ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थे और अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर से बैतूल के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। चैतराम मानेकर वर्ष 2008 और 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर आमला से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2008 में उन्होंने 30,546 मतों और 2013 में 39,602 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। 2013 के चुनाव में उनकी जीत का अंतर प्रदेश के बड़े जीत



के अंतर में शामिल था। उनका विधायक के रूप में कार्यकाल 2008 से 2018 तक रहा। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर डॉ. योगेश पंडाग्रे को प्रत्याशी बनाया था। स्व. श्री मानेकर ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत ग्राम पंचायत स्तर से की थी। वे 1970 से 1975 तक ग्राम पंचायत उमरिया के पंच और 1975 से 1980 तक उपसरपंच रहे। इसके बाद 1994 से 1999 तक जिला पंचायत बैतूल के सदस्य रहे। इस तरह उनका राजनीतिक सफर पंचायत से जिला पंचायत और फिर विधानसभा तक पहुंचा। शिवराज सिंह चौहान सरकार के कार्यकाल में बड़े मतों के अंतर से जीतने वाले विधायकों में उनकी गिनती होती थी।

प्रतिमा का अनावरण, प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को शाहपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौरिया कुड़मी महासभा के तत्वावधान में स्टाफ क्वार्टर रोड, एसबीआई के पीछे, पलासपानी रोड पर सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद शाहपुर प्रांगण से हुई। यहां कुर्मी समाज के सभी सामाजिक बंधु एवं जनप्रतिनिधि एकत्रित हुए। यहां से रथ पर सवार होकर भव्य शोभा रैली निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मूर्ति स्थापना स्थल पहुंची। मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग भोपाल (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त), राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके के करकमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अनावरण के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। तत्पश्चात बाबा मनसुखदास प्रांगण, शाहपुर में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने सरदार



वल्लभभाई पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल एकता में अनेकता के प्रतीक और भारतीय संस्कृति की विशेषता के जनक माने जाते हैं। देश की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया के करकमलों द्वारा सतपुड़ा कुड़मी जागृति संघ की ओर से कुर्मी समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं डॉक्यूमेंट फाइल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रदेश अध्यक्ष तेज कुमार गौर,नगर परिषद शाहपुर उपाध्यक्ष श्रीमति पम्मी छोटू राठौडर, नगर परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे, रामकिशोर चौरे, जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा (ठेकेदार), सीताराम पटेल, रामअवतार वर्मा, नीरज चौरे, कन्हैया वर्मा, अशोक पटेल मायावनी,श्रीमति ममता/ उत्तम वर्मा, श्रीमती सरला डालचंद वर्मा, सतपुडा कुर्मी संघ अध्यक्ष श्री हरिराम वर्मा, सचिव मनोहर भमोडय़ी, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार चौरे, महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा एवं सभी पार्षद व जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुगण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

शैक्षिक संवाद स्थापित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया



पिपरिया। सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य एवं विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा छात्र छात्राओं से शैक्षिक संवाद स्थापित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अन्य सभी लगभग 9 शासकीय विद्यालयों को सांदीपनि विद्यालय में शामिल किया गया है।उन सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों शिक्षक शिक्षिकाओं के आने पर स्वयंका परिचय दिया गया। एवं छात्र छात्राओं के समग्र विकास हेतु विचार किया गया। कक्षा 9वीं और 10वीं में रेमेडियल क्लास के कुशल संचालन हेतु अपने विचार व्यक्त किए गए।100% वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति दर्ज कराई गई।

15 दिन से बंद निजी स्कूल, फीस भरकर भी पढ़ाई से वंचित विद्यार्थी

देवास। निजी स्कूलों की मनमानी का खामियाजा अब विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर का श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल पिछले 15 दिनों से अधिक समय से बंद है। स्कूल प्रबंधन की ओर से बंद होने का स्पष्ट कारण नहीं बताए जाने से अभिभावक परेशान हैं। मामले को लेकर अभिभावकों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्कूल तत्काल शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से संस्थान बंद रखने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा रहा है। कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि अभिभावकों द्वारा पूरी फीस जमा किए जाने के बावजूद बच्चों को नियमित शिक्षा नहीं मिल रही है। वहीं, नीरज नागर ने बताया कि जब अभिभावक अपनी समस्या लेकर स्कूल पहुंचे तो वहां न तो संचालक अनवर खान मौजूद थे और न ही प्रिंसिपल।

युवा सृजन संवाद कार्यक्रम में एएसपी अभिषेक राजन ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में आयोजित युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का अंतिम चरण एवं समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून, संविधान, मौलिक अधिकारों, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, यातायात नियमों, नशामुक्ति एवं सोशल मीडिया के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके चौकसे ने कहा कि विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देने और उनके जीवन में अनुशासन का भाव विकसित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ती है।

चुनौती से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए : राजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली एवं समाज में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में अत्यधिक उत्साह और नकारात्मकता दोनों ही असफलता का कारण बन सकते हैं। हर अवसर और चुनौती से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जीवन की प्रत्येक परेशानी अपने साथ एक अवसर लेकर आती है। परिस्थितियों से सीखने वाला व्यक्ति ही सच्चा सृजनकर्ता बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने और किसी भी प्रकार के अपराध से दूर रहने की समझाइश भी दी।

यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में टीआई गौरव बुंदेला, देहात थाना टीआई उषा मरावी, साइबर सेल टीआई प्रवीण मालवीय, डॉ. केजी मिश्र एवं डॉ. अमिता जोशी मंचासीन रहे। समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य एवं सहभागिता के लिए तनीषा गौर, महक मेहरा, अंजलि मालवीय, हर्षिता सिसोदिया, आशी ठाकरे, संध्या गौर, सत्यम राव एवं नीरज धुर्वे सहित एनसीसी कैडेट्स को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष अहिरवार ने किया, जबकि प्रतिवेदन डॉ. अंजना यादव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश दीवान, डॉ. आशीष तोमर, डॉ. कुमुदिनी गर्गव, डॉ. नित्या पटेरिया, डॉ. अर्चना पटेल, डॉ. जयश्री नंदनवार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

रेल समस्याओं को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से मिलेगा नागरिक संघर्ष समिति प्रतिनिधि मंडल

तीन नवंबर को होगी दिल्ली में भेंट सांसद दर्शन सिंह ने दिलाया समय

क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रेल मंत्री से मुलाकात का समय लिया है। तथा सांसद ने भेंट के लिए नागरिक संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को भी आमंत्रित किया है। सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति प्रयासरत है। संभव है कि प्रयास सफल हो, क्योंकि तीन नवंबर को समिति का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय रेल मंत्री से दिल्ली में भेंट करेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र में रेल सुविधा के विस्तार व रेलवे से संबंधित समस्याओं को निराकृत कराने सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति प्रयासरत है। संभव है कि प्रयास सफल हो, क्योंकि तीन नवंबर को समिति का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय रेल मंत्री से दिल्ली में भेंट करेगा।

समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रेल मंत्री से मुलाकात का समय लिया है। तथा सांसद ने भेंट के लिए नागरिक संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को भी आमंत्रित किया है। पटेल ने बताया कि सांसद ने भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज को समिति के प्रतिनिधिमंडल से संपर्क कर दिल्ली में रेल मंत्री से भेंट के लिए आमंत्रित करने की जिम्मेदारी दी थी। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने समिति पदाधिकारियों को सांसद के साथ दिल्ली चलने की जानकारी दी। पटेल के अनुसार सांसद दर्शन सिंह चौधरी गत माह सोहागपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। अब रेलमंत्री से भेंटकर क्षेत्र की प्रमुख मांगें उनके समक्ष रखी जाएंगी। बताया जाता है कि समिति का प्रतिनिधिमंडल दो आज दो नवंबर 2026 को दिल्ली के लिए रवाना होगा

ये हैं प्रमुख मांगें

सोहागपुर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर आधुनिक सुविधाओं से विकसित करना।

रेलवे समपार गेट पर ओवरब्रिज अथवा अंडरब्रिज का निर्माण।

महत्वपूर्ण ट्रेनों का सोहागपुर में प्रायोगिक नहीं, अपितु स्थाई ठहराव।

प्लेटफॉर्म क्रमांक एक की ऊंचाई बढ़ाना तथा स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्मों पर डिजिटल कोच लोकेटर लगाना।

पर्याप्त सुरक्षा बल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना।

सुरक्षा खतरे में

हरिभूमि से चर्चा में शिवकुमार पटेल ने कहा कि हाल ही में स्टेशन पर 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ हुई लूट की घटना ने यात्रियों की सुरक्षा का विषय और गंभीर बना दिया है। पहले भी रेल यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ चुकी है। कुछ समय पूर्व एक रेल यात्री रात्रि में अंधेरे के कारण ट्रेन में चढ़ने के दौरान प्लेटफार्म तथा ट्रेन के बीच फंस गया था। जिसकी इलाज दौरान मृत्यु हो गई थी। संघर्ष समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सोहागपुर में रेल सुविधा विस्तार क्षेत्र के हित का विषय है। अतः नागरिक, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं युवा इस अभियान में सहभागी बनें।

यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस कर रही जांच

वसूला जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में स्टेट हाईवे व अंदरूनी मार्गों पर आवाजाही व्यवस्था सुधारने एवं यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस प्रयासरत है। इसके लिए लंबे समय से पुलिस द्वारा शहर से आते-जाते वाहनों की जांच की जा रही है। एवं नियम का पालन ना करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूली भी की जा रही है। सोहागपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार यातायात नियमों का पालन ना करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इस क्रम में गत दिवस यातायात के नियमों का पालन न करने वाले 20 लोगों से आठ हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया है। मुख्य रूप से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट ना पहनने वालों को समझाया जा रहा है। सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह तथा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने आमजनों, वाहन मालिकों तथा वाहन चालकों से अपील की है कि सभी यातायात के नियमों का पालन करें सुरक्षित रहें ।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर योग साधकों ने ली एकता की शपथ

सीहोर। राष्ट्रीय एकता दिवस और देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को मनाई जा रही है। इस खास अवसर पर पुलिस लाइन ग्राउंड पर प्रतिदिन योग की पाठशाला लगाने वाले योग साधकों ने एक अनूठी पहल की। योग साधकों ने सरदार पटेल के सपनों के अखंड और मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

71 साल का हुआ मध्यप्रदेश कार्यालयों में की गई रोशनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकास खण्ड स्तरीय शासकीय कार्यालयों में रोशनी करते हुए मध्यप्रदेश राज्य का 71वा स्थापना दिवस मनाया गया। लगभग सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी करते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।याद रहे कि मध्यप्रदेश रियासतों से मिलकर बना हुआ था।देश का दिल मध्यप्रदेश राज्य का राज्योत्सव मनाया गया।

जो कभी अलग-अलग रियासतों में बंटा हुआ था। लेकिन आज मध्यप्रदेश देश के दिल के रूप में देखा जा रहा है। लगातार 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

गौरवशाली अतीत विकास शील समरध भविष्य की ओर बढ़ रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 2/11/26को जनपद पंचायत परिसर में विकास खण्ड स्तरीय दिव्यांग जनों को क्रतिम अंगों का वितरण किया जाएगा। कार्यालयों में रोशनी करते हुए ध्वजारोहण किया गया। तथा मध्य-प्रदेश गायन भी किया गया।

कृषि उपज मंडी में धान की आवक, रविवार से शुरू हुई नीलामी

रविवार को माखननगर मंडी में कृषि उपज धान की लगभग 600 क्विंटल की आवक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





रविवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य प्रारंभ किया गया नीलामी में कृषि उपज धान की लगभग 600 क्विंटल की आवक हुई उल्लेखनीय है कि शनिवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर मांग की थी की माखन नगर कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी शुरू की जाए जिस पर कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया था की किसान हित में शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे मंडी में आए गनेरा के कृषक नरेश की 55 कुंटल धान व्यापारी सांवरिया सेठ ट्रेडर्स द्वारा 4751 रुपए के भाव से खरीदी मंडी सचिव एल एन दायमा ने बताया मंडी में लगभग उपज की 20 ट्राली विक्रय के लिए आए मंडी प्रशासन ने किसानों को सूचित करते हुए समझाइश दी है कि अपनी कृषि उपज सुखा कर लाएं ताकि उन्हें उपज का उचित एवं अधिक से अधिक भाव मिल पाए मंडी प्रांगण में नीलामी के समय भारसाधक अधिकारी तहसीलदार सुनीता साहनी, सचिव दायमा, नोडल मंडी नर्मदा पुरम सचिव हल्के वीर उईके, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के रमाकांत मीना ,चंद्रकांत मीणा, अमन सिंह चौहान, मंडी निरीक्षक नवीन यादव, शिव प्रसाद कीर, अशोक यादव ,संदीप मालवीय, व्यापारी अजीत सेठी ,बबलू उपाध्याय, बंटी अग्रवाल, सहित 12 व्यापारी एवं फर्म कृषक एवं मंडी के कर्मचारी मौजूद रहे

*व्यापारी मंडी में आकर ही खरीदी करें

स्थानीय किसानों का कहना है कि व्यापारी मंडी में नीलामी में आकर यहीं से उपज खरीदी करें वही मुहासा औद्योगिक क्षेत्र में धान की मिलर कंपनी एवं अन्य मिलर मंडी प्रांगण में आकर खरीदी करें जिससे क्षेत्रीय किसानों मंडी समिति को लाभ होगा वहीं क्षेत्र का व्यापार बढ़ेगा सचिव दायमा ने बताया कृषि उपज मंडी में 25 व्यापारी पंजीकृत हैं उन्हें मंडी प्रांगण में नीलामी बोली लगाकर उपज खरीदने को कहा जाएगा किसान भाई अपनी उपज माखन नगर मंडी में लेकर आए शीघ्र तौल, भुगतान, उपज का अधिक से अधिक भाव प्राप्त करें।

माहेश्वरी समाज में सरपंच गोदानी को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच प्रदीप पांडे सचिव रोजगार सहायक सहित अन्य सभी के द्वारा पंचायत में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। बड़ी पंचायत क्षेत्र होने तथा आम आदमी की छोटी-छोटी समस्या का निराकरण तत्काल प्रभाव से किया जा रहा है। पीएम आवासीय योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा अन्य सभी मामलों में लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया है। सरपंच सचिव की आम आदमी गरीब लोगों को बीच हमेशा सुर्खियों में रहते हैं।

इन सभी कारणों को लेकर अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्यों के सदस्यों के द्वारा सरपंच सुलभ गोदानी को मंच सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शाल श्रीफल भेंटकर पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मानित किया गया। तथा स्यमृतिचिन्ह भेंट किए गए।

राष्ट्र निर्माण और देश की एकता-अखंडता में दोनों नेताओं के योगदान को किया याद

जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, न्यू बस स्टैंड सीहोर में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। दोनों नेताओं का राष्ट्र निर्माण में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में भारत ने सैन्य शक्ति, परमाणु क्षमता और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। हरित क्रांति के माध्यम से देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए। वहीं सरदार पटेल की प्रशासनिक क्षमता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और मजबूत संकल्प ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत किया।

राजस्व वसूली से लेकर बिजली आपूर्ति तक कार्यों की समीक्षा की



सीहोर। वितरण केंद्र अमलाहा, में 30 अक्टूबर को प्रबंध संचालक द्वारा विभागीय कार्यों एवं प्राथमिकताओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व वसूली, बकाया राशि, ई-ऑफिस प्रणाली, उपभोक्ता बिल सुधार, डीआरए कार्रवाई सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में चालू माह एवं लंबित राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने तथा बड़े बकायादारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों को अद्यतन बकाया सूची तैयार रखने और लंबे समय से लंबित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।सभी पत्राचार एवं फाइलों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली से करने तथा भौतिक फाइल पेंडिंग तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए। वहीं उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने और औसत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों की समीक्षा कर वास्तविक खपत के अनुसार बिलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।इसके अलावा डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विद्युत विच्छेदन एवं वसूली कार्रवाई, वितरण ट्रांसफार्मरों का जीआईएस एवं भौतिक सर्वे, लोड बैलेंसिंग तथा उपभोक्ताओं की टैगिंग समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए।

समारोह पूर्वक मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

मप्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास इसकी पहचानः उइके

किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के तहत आयोजित कृषि क्विज के विजेताओं की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭|हरदा

मध्य प्रदेश का 71वां स्थापना दिवस हरदा जिले में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभाकक्ष में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर, हरदा की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत एवं उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, मध्य प्रदेश गान व राष्ट्रगान का गायन किया गया। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री उइके ने कहा कि मध्यप्रदेश समृद्ध संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं और गौरवशाली इतिहास का प्रदेश है। भौगोलिक दृष्टि से यह भारत का हृदय प्रदेश है। यहां नर्मदा नदी, महाकाल, चित्रकूट, भीमबेटका, सांची एवं खजुराहो जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल स्थित हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में क्रांतिकारी वीरों की गौरवशाली इतिहास रहा है। जनजातीय संस्कृति और प्राकृतिक विविधता इस प्रदेश की विशिष्ट पहचान है। यहां के प्रत्येक त्योहार और पर्व अपनी एक अलग कहानी कहते हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारा प्रदेश बड़ा गौरवशाली है क्योंकि आज हम 71 वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1956 को आज ही के दिन मध्यप्रदेश का गठन हुआ था। आज हम सबको संकल्प लेना होगा जिससे हमारा प्रदेश विकसित बने व समृद्ध बनें। हमारे देश के विकास में हर व्यक्ति का योगदान जरूरी है इसलिए आप सभी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करें। इस कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, सहित विभिन्न अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी श्री मरगूव हुसैन बन्दूक वाले का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

तैयार उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कृषि विकास एवं कल्याण विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन पर आधारित तथा प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई।

कपिल को ट्रैक्टर तो पंकज को मिली बुलेट

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किसान स्वाभिमान पर्व ने हरदा जिले के तीन किसानों के लिए यादगार खुशियों का अवसर बना दिया। संस्कृति विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देकर जिले के तीन किसानों ने आकर्षक पुरस्कार हासिल किए हैं। इनमें एक किसान को प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रैक्टर, दूसरे को द्वितीय पुरस्कार के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल तथा तीसरे किसान को लॉटरी के माध्यम से पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ग्राम बिच्छापुर निवासी कपिल जाट ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रैक्टर प्राप्त किया। कपिल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसी तरह ग्राम रोलगांव निवासी पंकज मोरछले ने किसानों से संबंधित पूछे गए सवालों के सही जवाब देकर द्वितीय पुरस्कार के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल जीती। वहीं ग्राम झुण्डगांव निवासी रामचंद्र खोरे को संस्कृति एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 24 प्रश्नों के सही उत्तर देने के बाद लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पुरस्कार प्राप्त हुआ।

मप्र स्थापना दिवस पर 17वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

शतरंज की बिसात पर 90 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, वैभव तोमर रहे अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭|हरदा

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन हरदा ने रविवार को स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 17वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 90 खिलाड़ियों ने भाग लेकर कौशल का प्रदर्शन किया। इनमें अंडर-14 वर्ग के 50 और ओपन वर्ग के 40 खिलाड़ी शामिल रहे। कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक जैन ने कहा कि शतरंज केवल मनोरंजन का खेल नहीं है, बल्कि यह दिमाग को सक्रिय रखने, एकाग्रता बढ़ाने और कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। इस खेल से बच्चों में धैर्य, अनुशासन, दूरदर्शिता और रणनीति बनाने का कौशल विकसित होता है। उन्होंने कहा कि जिले की शतरंज प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने और नई पीढ़ी को इस खेल से जोड़ने के लिए एसोसिएशन लगातार प्रयास कर रही है।

एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक जैन, मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, सचिव मनमोहन कुशवाह, सह-सचिव गणेश पटेल, दिनेश पाटिल, अक्षय तोमर, रघुवंशी सहित खिलाड़ियों के अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी ने अतिथियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों, महाविद्यालय प्रबंधन और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। ओपन वर्ग में वैभव तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षय तोमर द्वितीय और युवराज जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे। इस वर्ग में कुल 23 खिलाड़ियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए।



अंडर-14 वर्ग में वेदांत कुमार मालवीय प्रथम, आर्यन सोलंकी द्वितीय और रियांश श्रीमाली तृतीय स्थान पर रहे। इस वर्ग में 15 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अंडर-18 वर्ग में अर्पित गुप्ता और अंडर-16 वर्ग में रंजीत चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यश पचौरी को बेस्ट हरदा खिलाड़ी तथा दिलीप शर्मा को बेस्ट वेटरन का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश गौर, प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. विछोतिया, जेड प्लस अकादमी के शैलेन्द्र रघुवंशी, बालमुकुंद गौर, सिद्धार्थ जैन का सहयोग रहा। महाविद्यालय की ओर से डॉ. सावेंद्र पटेल, डॉ. आशा गायकवाड़ (एनएसएस प्रभारी), कन्हैयालाल मालवीय और हरिहर लाभनिया ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

छीपाबड़ पुलिस ने चोकड़ी रोड पर की कार्रवाई, बाइक भी की जब्त

बाइक सवार दो युवकों से 1.2 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭|हरदा

छीपाबड़ थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान चोकड़ी रोड पर दो बाइक सवार युवकों को रोककर उनके कब्जे से 1 किलो 207 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 24 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बाइक भी जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान रात करीब 2 बजे चोकड़ी रोड पर पेट्रोल पंप के आगे काले रंग की सीडी डीलक्स बाइक क्रमांक टढ-47-टऋ-6463 पर दो व्यक्ति खिरकिया से चोकड़ी की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने गति बढ़ाकर भागने



का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने आगे जाकर बाइक रुकवाई और सवारों से पूछताछ की। बाइक चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम अंकित कुशवाह निवासी ग्राम पड़वा तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अखलेश कुशवाह निवासी ग्राम बंदी मुहाड़िया, थाना सिराली बताया।

पीछे बैठे व्यक्ति की गोद में रखी सफेद थैली में रखे सामान के बारे में पूछताछ करने पर दोनों पहले टालमटोल करने लगे। सख्ती से पूछने पर उन्होंने थैली में गांजा होना स्वीकार किया। तलाशी लेने पर थैली में पारदर्शी पन्नी के अंदर गांजा मिला। पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से वजन कराया, जिसमें गांजे की कुल मात्रा 1207 ग्राम निकली। पुलिस ने करीब 24 हजार रुपए कीमत का गांजा और करीब 80 हजार रुपए कीमत की सीडी डीलक्स बाइक जब्त कर ली। मौके पर ही गांजे को सीलबंद कर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी अखलेश कुशवाह (45) निवासी बंदी मुहाड़िया और अंकित कुशवाह निवासी पड़वा के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को न्यायालय हरदा में पेश किया जाएगा।

आतिशबाजी का भंडारण करने के मामले में कार्रवाई की

किराना दुकान के ऊपर कमरे से 49 हजार के पटाखे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭|हरदा

छीपाबड़ थाना पुलिस ने ग्राम चारूवा में अवैध रूप से आतिशबाजी का भंडारण करने के मामले में कार्रवाई करते हुए 49 हजार 275 रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। पटाखे किराना दुकान के ऊपर बने कमरे में बिक्री के लिए रखे गए थे।

पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चारूवा में धर्मेन्द्र राजपूत अपनी किराना दुकान के ऊपर बने कमरे में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से आतिशबाजी और पटाखे रखे हुए है। सूचना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक



संतोष सिंह चौहान को अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर दुकान संचालक को बुलाया।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (31) निवासी ग्राम कड़ोला राधौ, हाल मुकाम चारूवा बताया। पुलिस ने दुकान के ऊपर बने कमरे में रखी आतिशबाजी के लाइसेंस के संबंध में जानकारी मांगी तो उसने लाइसेंस नहीं होना बताया। इस पर पुलिस ने मौके से कुल 49 हजार 275 रुपए कीमत की आतिशबाजी विधिवत जब्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5, 9(बी)(1)(बी) और बीएनएस की धारा 288 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है।

वन विभाग के दफ्तर में ही हरियाली पर चली आरी डीएफओ का कमेंट से इनकार

रेंज ऑफिस परिसर में हरे-भरे पेड़ों की हो रही कटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭| सीहोर

इंदौर नाके के पास रेंज ऑफिस परिसर में बड़े पेड़ों की हरी डालियां काटी जा रही हैं। इस कटाई को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठे हैं। ताजा उदाहरण शनिवार सुबह सामने आया। शहर के इंदौर नाके के नजदीक स्थित सीहोर रेंज ऑफिस परिसर के भीतर देखने को मिला।

खुलेआम हरियाली पर प्रहार किए जाने से पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब वन विभाग की सुस्ती या मिलीभगत सामने आई हो। इससे पहले रेहटी क्षेत्र में भी जंगलों की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई के मामले सामने आ चुके हैं। मामले में डीएफओ रचना पटेल ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। वहीं विभाग के अन्य अफसरों का कहना है कि समय-समय पर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं, पौधारोपण भी होता है।

विधायक राय ने केंद्रीय मंत्री की माता को दी विनम्र श्रद्धांजलि



सीहोर। ग्राम जैत पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने स्वर्गीय काशीबाई के निधन होने पर शोक व्यक्त किया। स्वर्गीय काशीबाई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता थीं। विधायक सुदेश राय ने स्वर्गीय काशीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता काशीबाई की उम्र 76 वर्ष थी। वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती थी। विधायक सुदेश राय इस दुख की घड़ी में केंद्रीयकृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह सहित अन्य परिजनों से मिले और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट की।

मक्का, सोया किसानों के हित में अवकाश में भी खुलेंगी मंडी

सीहोर। राज्य सरकार सोयाबीन और मक्का उत्पादन किसानों के लिए हितों की संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सोया और मक्का उत्पादन किसानों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी खरीदी के लिए मंडियां खुली रखने का निर्णय लिया गया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडी बोर्ड के सभी संयुक्त संचालक को निर्देश दिए गए है कि वे अवकाश के दिनों में भी किसानों के लिए मंडी खुली रखें। वर्तमान में प्रदेश की मंडियों में अधिसूचित कृषि उपज की आवक अधिक मात्रा में हो रही है। इस अवधि में कृषकों को अपनी कृषि उपज का शीघ्र विक्रय कर उसकी राशि प्राप्त करने की आवश्यकता रहती है। ऐसी स्थिति में मंडियों में अवकाश रहने से कृषकों को अपनी उपज के विक्रय के लिये आगामी कार्य दिवस तक प्रतीक्षा करनती पड़ सकती है, जिससे न केवल कृषि उपज के विक्रय में विलंब होगा, बल्कि कृषकों को आर्थिक एवं व्यावहारिक असुविधा का सामना भी करना पड़ेगा। कृषकों की सुविधा एवं उनके हितों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि अवकाश दिवसों में भी मंडियों में कृषि उपज के विपणन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के साथ आवश्यक चर्चा एवं बैठक कर समुचित समन्वय स्थापित करें।

मौत से कुछ मिनट पहले स्टेटस पर डाली गई सेल्फी बनी आखिरी याद, भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी और 2 साल के मासूम की मौत

बेटे के जन्मदिन पर बोलाई हनुमान जी के दर्शन करने गया था परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭| आष्टा

शाजापुर जिले के सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर शनिवार दोपहर एक ऐसा दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने सुनने वाले हर शख्स के रोंगटे खड़े कर दिए। अपने दो साल के इकलौते बेटे के जन्मदिन पर खुशी-खुशी बोलाई हनुमान मंदिर दर्शन करने गए एक हंसते-खेलते परिवार की कुछ ही पलों में उजड़ जाने की यह कहानी बेहद झकझोर देने वाली है। हादसे से कुछ देर पहले ही परिवार ने सोशल मीडिया पर जो सेल्फी स्टेटस पर डाली थी, वह उनकी जिंदगी की आखिरी याद बनकर रह गई।

आष्टा की इंद्र कॉलोनी में रहने वाले अजित पंवार, उनकी पत्नी पूजा और उनका दो साल का बेटा शिवांशु शनिवार को अपने बेटे के जन्मदिन के खास मौके पर बोलाई हनुमान मंदिर गए थे। मंदिर जाने और वहां दर्शन करने से ठीक पहले उन्होंने एक सेल्फी खींचकर अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर अपलोड की थी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि कुछ ही पलों में यह तस्वीर उनकी आखिरी सेल्फी साबित होगी और पूरा परिवार इस दुनिया से विदा हो जाएगा।

अचानक कुत्ता सामने आने से हुआ भयानक हादसा

सलसलाई थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे जब यह परिवार मंदिर से दर्शन कर अपनी बाइक से लौट रहा था, तभी गोदना गांव के पास अचानक सडक़ पर एक कुत्ता सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए चालक अजित ने जैसे ही बाइक की ब्रेक लगाई, ठीक उसी वक्त पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अजित उनकी पत्नी पूजा और मासूम बेटे शिवांशु तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

ग्रामीणों ने कपड़ों से ढंके शव, सोशल मीडिया से हुई पहचान

हादसे के बाद सडक़ पर बिखरे शवों को देख मौके पर मौजूद ग्रामीण और खेतों में काम कर रहे मजदूर तुरंत दौडक़र घटनास्थल पर पहुंचे। दिल दहला देने वाले इस मंजर को देख ग्रामीणों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए शवों को कपड़ों से ढंका और पुलिस को सूचना दी। शुरुआत में मृतकों की पहचान नहीं हो पा रही थी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने उनकी तस्वीरें और हादसे की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। तब जाकर उनकी शिनाख्त हो पाई। सूचना मिलते ही डायल 112 और सलसलाई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिलेभर में आयोजित हुए शपथ कार्यक्रम

सीहोर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिलेभर में राष्ट्रीय एकता की शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों एवं जिला चिकित्सालय में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रमों में सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

